**प्रेस नोट**
**दिनांक 04.05.2025**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा जनपद में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)–2025 को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु शहर क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया गया निरीक्षण, सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश–**

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा नीट परीक्षा 2025 को जनपद में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक पुलिस प्रबन्ध किया गया था। आज दिनांक 04.05.2025 को पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं, तकनीकी प्रबंधन और आवागमन की स्थिति का गहनता से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता की गहनता से जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं और परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वारों तथा अन्य संवेदनशील स्थानों की निगरानी पूरी तरह से सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट, परीक्षा प्रभारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं सुरक्षा अधिकारीगण से वार्ता कर उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश भी प्रदान किए। महोदय द्वारा केंद्रों पर तैनात ड्यूटीरत अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महोदय ने यातायात प्रभारी को भी विशेष दिशा–निर्देश देते हुए कहा गया कि परीक्षा के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रहनी चाहिए। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने व वापस लौटने में किसी भी प्रकार की जाम या बाधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए और ट्रैफिक का सटीक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।

**इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय सहित अन्य** अधिकारी/कर्मचारीगण **मौजूद रहें।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 04.05.2025**

## थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 350 ग्राम नाजायज गांजा बरामद–

### कार्यवाही:–
पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में खरगूपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्कर मो0 असफाक पुत्र जब्बार नि0 अलीनगर दरगाह थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा को कर्मडीह खुर्द नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 350 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण–
आज दिनांक 04.05.2025 को थाना खरगूपुर के उ0नि0 कामेश्वर राउत मय हमराह के साथ शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि कर्मडीह खुर्द नहर पुलिया के पास एक व्यक्ति के संदिग्ध दिखने पर रोक टोक कर चेक किया गया तो उसके कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मो0 असफाक के विरूद्ध थाना खरगूपुर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त–
01. मो0 असफाक पुत्र जब्बार नि0 अलीनगर दरगाह थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

### पंजीकृत अभियोग–
01. मु0अ0सं0–78/2025, धारा 8/20 एनडीपीएस ऐक्ट थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

### बरामदगी–
01. 01 किलो 350 ग्राम नाजायज गांजा।

### गिरफ्तार कर्ता टीम–
01. उ0नि0 कामेश्वर राउत।
02. हे0का0 राहुल मिश्रा।
03. का0 पंकज प्रेमी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 04.05.2025**

## थाना को0 देहात पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से जमीन बैनामा करा लेने के 02 आरोपी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार–

### कार्यवाही:–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 देहात पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–79/25, धारा 319(2),318(4),338,336(3),340(2),352,351(3) भादवि से सम्बन्धित 02 आरोपी अभियुक्तों–01. श्रवण कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 संतोषराम, 02. मंजू पत्नी श्रवण कुमार पाण्डेय को ग्राम पूरे शिवलाल पश्चिमी पुरवा सुभागपुर डीहा से गिरफ्तार कर लिया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 01.03.2025 को वादी ननकऊ पुत्र स्व0 मंहगू नि0 सुभागपुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 देहात में लिखित तहरीर दी गयी कि विपक्षीगण श्रवण कुमार व मंजू देवी द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसकी मां की जमीन को फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया गया है। वादी की तहरीर पर थाना को0 देहात में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 04.05.2025 को थाना को0 देहात पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए 02 आरोपी अभियुक्तों–01. श्रवण कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 संतोषराम, 02. मंजू पत्नी श्रवण कुमार पाण्डेय को ग्राम पूरे शिवलाल पश्चिमी पुरवा सुभागपुर डीहा से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना को0 देहात पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त–

01. श्रवण कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 संतोषराम नि0 पूरे शिवलाल पश्चिमी पुरवा सुभागपुर डीहा थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।
02. मंजू पत्नी श्रवण कुमार पाण्डेय नि0 पूरे शिवलाल पश्चिमी पुरवा सुभागपुर डीहा थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

### पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–79/25, धारा 319(2),318(4),338,336(3),340(2),352,351(3) भादवि को0 देहात जनपद गोण्डा।

### गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. उ0नि0 मनोज कुमार सिंह।
02. हे0का0 शत्रुधन मौर्या।
03. हे0का0 शौकत अली।
04. म0का0 रेखा भार्गव।
05. म0का0 सुमित्रा चौहान।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 04.05.2025</u>**

## थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा शादी समारोह में अवैध शस्त्र के साथ हर्ष फायरिंग करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, निशानदेही पर अवैध अद्धी बन्दूक मय कारतूस बरामद–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा शादी में अवैध शस्त्र के साथ हर्ष फायरिंग करने के आरोपी अभियुक्त सुभाष सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह नि0 ग्राम चौखाड़िया थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा को बहद ग्राम चौखाड़िया से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर अवैध अद्धी बन्दूक मय 01 अदद जिन्दा कारतूस के बरामद किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण–

थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत रहने वाले एक व्यक्ति का शादी समारोह की पार्टी में अवैध शस्त्र के साथ हर्ष फायरिंग करने का वीडियों फायरल हुआ था। वायरल वीडियों की जांच के दौरान अभियुक्त सुभाष सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह का नाम प्रकाश में आया था। जिसको थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा ग्राम चौखाड़िया से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर चारू बाबा मंदिर के पास बहद ग्राम चौखाड़िया से 01 अदद अवैध अद्धी बन्दूक मय 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त–

01. सुभाष सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह नि0 ग्राम चौखाड़िया थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा।

### बरामदगी–

01. 01 अदद अवैध अद्धी बन्दूक मय 01 अदद जिन्दा कारतूस।

### पंजीकृत अभियोग–

01- मु0अ0स0–138/2025, धारा 3/25 आर्म्स ऐक्ट थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा।

### गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. उ0नि0 उत्कर्ष कुमार पाण्डेय।
02. उ0नि0 अमर पटेल।
03. हे0का0 रोशन सिंह।
04. हे0का0 सुनील यादव।

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 04.05.2025**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना धानेपुर के प्र0नि0 कक्ष व पुलिस बैरकों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का किया गया उद्‌घाटन–**

**थाना स्थानीय के चौकीदारों को साईकिल वितरित कर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया–**

गोण्डा। जनपद गोंडा में पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा थाना धानेपुर स्थित प्रभारी निरीक्षक कक्ष एवं पुलिस बैरकों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत उद्‌घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर की गई, जिसके पश्चात महोदय ने नव निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया एवं उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने थाना परिसर में साफ–सफाई, सुव्यवस्थित कार्यालय व्यवस्था, बैरकों की मरम्मत, रंग–रोगन तथा कर्मचारियों को बेहतर कार्य व आवासीय वातावरण प्रदान करने के लिए किये गए प्रयासों की सराहना की। महोदय ने कहा कि पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण एवं रहने की सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इससे न केवल उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि वे जनता को बेहतर सेवा दे सकेंगे। महोदय द्वारा बताया गया कि इस सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक कार्यस्थल प्रदान करना है, जिससे उनकी कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन आए और वे अधिक दक्षता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। महोदय ने सभी चौकीदारों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी पुलिस व्यवस्था की जड़ हैं। गाँव–देहात की सुरक्षा में आपकी भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यह साइकिलें न केवल आपकी सुविधा के लिए हैं, बल्कि इससे आप और अधिक समयबद्ध, सक्रिय एवं उत्तरदायी ढंग से कार्य कर सकें। महोदय ने उपस्थित सभी चौकीदारों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने, किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल थाना प्रभारी को उपलब्ध कराने एवं आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने हेतु निर्देश भी दिया। तत्पश्चात महोदय द्वारा थाना परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

**इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा, प्र0नि0 धानेपुर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण व थाने के समस्त चौकीदार उपस्थित रहें।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**